# प्रशासन ने धर्मगुरुओं संग किया मंथन

## अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी होली और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों के साथ पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंवर ज्ञानंजय सिंह व संदीप कुमार ने की। अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे



और सामाजिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा, त्योहारों के दौरान जनपद में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त, मिश्रित पुलिस बल की तैनाती और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग लगातार की जाएगी। किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या शांति भंग करने की को. शिश पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा, होली और ईद हमारे साझा सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक हैं। सभी नागरिक आपसी सम्मान और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। प्रशासन हर स्तर पर मुस्तैद है और आमजन से अपील है कि किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें तथा संदिग्ध गति. विधि की सूचना तुरंत पुलिस-प्रशासन को दें। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर समन्वय बढ़ाने, विवादित विषयों से दूरी बनाए रखने और शांति व्यवस्था

# मोनाड विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 'विकसित भारत' की वैज्ञानिक सोच को मिला बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंस एंड एग्रीकल्चर द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वूमेन इन साइंस कैटालाइजिंग विकसित भारत थीम पर प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'विकसित भारत एनालिटिक्स' विषय रहा, जिसमें विश्वविद्यालय के छह स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।



कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एम. जावेद ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने महान वैज्ञानिक सीवी रमन के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अनुसंधान की भावना ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है। उन्होंने महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए छात्राओं को शोध और नवाचार में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने विकसित भारत एनालिटिक्स विषय पर पीपीटी प्रस्तुतियाँ दीं, वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई। पीपीटी प्रस्तुति में पायल ने प्रथम, यताक्षी यादव ने द्वितीय तथा वंशिका और आयशा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डा. रितु चिक्कारा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डा. सुशील कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएट प्राध्यापक डा. विभा गर्ग ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पशु-मुक्त दवा परीक्षण पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शुक्रवार को फार्मास्यूटिकल शोध में नैतिकता और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशु-मुक्त दवा परीक्षण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय की समिति CCSEA के सहयोग से किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्थान के जनरल मैनेजर एन. वरदराजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा संस्थान की प्राचार्या डा. बरखा गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार डा. आर. के. सहगल, चिकित्सा अधीक्षक डा. मेजर जनरल जी. एस. अहलूवालिया, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डा. एस. मनोहरी, एचआर मैनेजर एल. रुबावती और अकाउंट मैनेजर डी. सरवणन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डा. नितिन कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और अनुसंधान गतिविधियों की जानक. ारी दी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सीसीएससीए के प्रतिनिधि डा. विवेक त्यागी, एमिटी विश्व. विद्यालय नोएडा के मॉलिक्युलर मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. सुब्रजीत विश्वास तथा सुभारती विश्वविद्यालय के फार्मेसी



विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. शोकिंद्र कुमार ने विचार रखे। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, शोधार्थी और विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए संवादात्मक सत्रों में पशु-मुक्त परीक्षण तकनीकों, नियामक मानकों और भविष्य की शोध संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन प्रोफेसर डा. अरुण कुमार और नेहा वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव प्रोफेसर डा. शिव कुमार गुप्ता और डा. निधि त्यागी ने प्रस्तुत किया।

# दो पदाधिकारियों का निष्कासन, प्रेस वार्ता में खुलकर रखी गई बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिला इकाई ने प्रेस वार्ता कर संगठनात्मक अनुशासन को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट किया। दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने पूर्व कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा और पूर्व उपाध्यक्ष विक्की शर्मा के निष्कासन को अनुशासनहीनता से जुड़ा निर्णय बताया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन एवं पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा ने कहा कि दोनों पदाधिका. रियों द्वारा सोशल मीडिया पर निष्कासन को यूजीसी विरोध से जोड़कर प्रस्तुत करना तथ्यात्मक



रूप से गलत है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को आयोजित महात्मा गांधी के शहादत दिवस कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने और पार्टी गति. विधियों से लगातार दूरी बनाए रखने को गंभीर अनुशासनहीनता माना गया। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि 26 जनवरी से 25 फरवरी तक दोनों पदाधिकारी पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय नहीं रहे और संगठनात्मक कार्यों में भी अपेक्षित भागीदारी नहीं निभाई। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यक्रमों में भागीदारी को लेकर शर्तें रखना संगठनात्मक मर्यादा के विपरीत है, जिसके चलते कमेटी स्तर पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। कांग्रेस नेता अरविंद शर्मा ने कहा कि व्यक्तिगत मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि व्यक्तिगत नाराजगी को संगठनात्मक एकता पर हावी न होने दें। वहीं एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेश भाटी के साथ कार्यक्रम साझा न करने की बात को भी अनुशासन के विपरीत बताया गया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि संबंधित पदाधिकारियों को केवल जिला कांग्रेस कमेटी के पदों से निष्कासित किया गया है, पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से नहीं। प्रेस वार्ता में संगठन की एकजुटता और गांधीवादी सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# बच्चों का आधार अपडेट नहीं कराया तो हो सकता है निष्क्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बच्चों के आधार कार्ड में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर प्रशासन ने अभिभावकों को सतर्क किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आधार श्रवण समिति की बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित आयु पर अपडेट नहीं कराने से आधार निष्क्रिय हो सकता है और बच्चे कई सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं।

बैठक की अध्यक्षता मोनिका सिंह ने की। इस दौरान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रतिनिधि राजीव त्रिपाठी ने राज्यव्यापी अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिन बच्चों की आयु 5 वर्ष या 15 वर्ष पूरी हो चुकी है, उनके आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान नियमों के अनुसार बच्चे के आधार में 5 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पहला तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर दूसरा बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटोग्राफ) अनिवार्य रूप से कराया जाना चाहिए। यदि 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष के बीच यह अपडेट नहीं कराया गया तो आधार संख्या निष्क्रिय की जा सकती है, जिससे स्कूल प्रवेश, प्रतियोगी परीक्षाओं में पंजीकरण, छात्रवृत्ति और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। बैठक में बताया गया कि बच्चों के बायोमेट्रिक डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए समय पर अपडेट अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्कूलों में विशेष आधार कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा अभिभावक निकटतम आधार सेवा केंद्र या नामित आधार केंद्र पर जाकर भी यह प्रक्रिया पूरी करा सकते हैं। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग, बैंकिंग संस्थानों, डाक विभाग, पोस्ट पेमेंट बैंक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा सीएससी ई-गवर्नेंस से जुड़े अधिकारियों ने भाग लेकर अभियान को प्रभावी बनाने पर चर्चा की। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट प्राथमिकता के आधार पर अवश्य कराएं, ताकि सरकारी सेवाओं का निर्बाध लाभ मिल सके।



# वायरल वीडियो की सच्चाई आई सामने स्कूली छात्र ने बदली लड़की की आवाज, छेड़खानी की अफवाह निकली झूठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए ई-रिक्शा से जुड़े वीडियो को लेकर पुलिस जांच में बड़ा खुला. सा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर वीडियो में स्कूली छात्राओं द्वारा कुछ छात्रों पर छेड़खानी का आरा. ेप लगाए जाने की बात सामने आई थी, जिससे क्षेत्र में चर्चा और चिंता का माहौल बन गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने तत्काल वायरल वीडियो की जांच शुरू की। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि ई-रिक्शा में सवार एक छात्र ने लड़की की आवाज बदलकर अपने साथियों के साथ मजाक किया था। पुलिस के अनुसार वीडियो में दर्शाई गई छेड़खानी जैसी कोई घटना घटित नहीं हुई थी और पूरा मामला आपसी मजाक का निकला। पुलिस ने संबंधित सभी स्कूली छात्रों को उनके परिजनों के साथ थाने बुलाकर पूछताछ की। सभी छात्र नाबा. लिग पाए गए। अधिकारियों ने अभिभावकों की मौजूदगी में छात्रों को कड़ी हिदायत दी कि भविष्य में इस प्रकार की हरकत या भ्रामक सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसा. रित करने से गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी वायरल वीडियो या सूचना को सत्यापन के बिना साझा न करें। अफवाहों से सामाजिक माहौल प्रभावित होता है और अनावश्यक भय व भ्रम की स्थिति पैदा होती है।





## एक नजर

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध गांजे के साथ शातिर तस्कर किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराध और अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार नियमित चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर टीम ने गोगा जहारवीर मन्दिर से गोन्दी जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। इसी दौरान एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसके पास से एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बाकर अली पुत्र आफताब निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध पूर्व में चोरी तथा आर्म्स एक्ट के मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामलारू पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोप से जुड़े मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा पर दर्ज मुकदमा बीएनएस व 5एल/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने धौलाना कट के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सौरभ पुत्र शैलेन्द्र चौधरी निवासी न्यू सर्वोदयनगर, थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर आवश्यक विधिक व चिकित्सीय प्रक्रिया पूरी कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जनपद में महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों पर सख्त निगरानी रखते हुए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# सीबीएसई इंटर रसायन व हाईस्कूल संस्कृति की परीक्षा में बैठे 6817 छात्र-छात्राएं

मथुरा। सीबीएसई की शनिवार को कक्षा 12 की रसायन विज्ञान और हाईस्कूल संस्कृत की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। इस परीक्षा को देने के लिए 6817 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे और 100 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान कोई भी नकल करते हुए परीक्षार्थी नहीं पकड़ा गया। सीबीएसईकी परीक्षा के जिला कॉडीनेटर शेलेन्द्र ग्रेवाल ने बताया कि इंटर मीडिएट रसायन विज्ञान की परीक्षा के लिए पंजीकृत 6421 परीक्षार्थियों में से 6321 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। जबकि 96 परीक्षार्थी परीक्षा से बंचित रहे। जबकि कक्षा 10 वी संस्कृत की परीक्षा के लिए पंजीकृत 500 परीक्षार्थियों में से 496 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे और चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा शामिल हुए 3882 परीक्षार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल संस्कृत और इंटर कृषि की 72 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई। हाईस्कूल संस्कृत के लिए पंजीकृत 1647 परीक्षार्थियों में से 15 83 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे और 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर कृषि की परीक्षा के लिए पंजीकृत 14 परीक्षार्थियों में से 11 ने परीक्षा दी और 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आज द्वितीय पाली में इंटर की ड्राइंग और हाईस्कूल की संगीत विषय की परीक्षा हुईद्य जिसके लिए 2428 विद्यार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 2288 विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे और 140 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद के किसी भी परीक्षा केंद्र से अनुचित सामग्री के प्रयोग की सूचना नहीं प्राप्त हुई। अभी तक परीक्षा नकल विहीन एवं सकुशल संपादित हुई।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला बैरक व अन्य बैरकों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी।

# मथुरा में 30 हजार किशोरियों को लगाई जाएगी एचपीवी वैक्सीन

**मथुरा।** जनपद मथुरा में 30 हजार से अधिक 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अभियान का देशव्यापी शुभारंभ राजस्थान के अजमेर से किया गया, वहीं उत्तर प्रदेश में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा लखनऊ स्थित केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर से अभियान का शुभारंभ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ ने बताया कि जनपद मथुरा में भी कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकाईयों पर समुचित व्यवस्था की गई जिसमें कि समस्त चिकित्सकगणों, स्वास्थ्य कर्मचारियों, एवं अपार जनमानस के द्वारा प्रतिभाग किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा डा0 राधा वल्लभ ने बताया कि जनपद मथुरा में 30,000 से अधिक 14 वर्ष की किशोरियों को एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान चलाकर किया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0



रोहितास सिंह ने बताया कि एच.पी.वी. वैक्सीन हेतु गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन), जो कि स्ट्रेन 6, 11, 16 व 18 से बचाव करेगी और सर्वाइकल कैंसर से बचायेगी। इस हेतु प्रशिक्षण, कार्ययोजना, आदि का कार्य किया जा रहा है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर तैनात डा. आलोक कुमार, डा. अनुज चौधरी, डा. पीयुष सौनी, डॉ. अनुज यादव, हेल्थ पार्टनर प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग भी किया गया।

# विकसित भारत की संकल्पना पर छात्रों ने किया मंथन





**अमरोहा।** युवाओं में लो. कतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन जेएस डिग्री कालेज में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से 65 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. राजकिशोर शुक्ला एवं अन्य महाविद्यालयों से आए निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग के लिए बधाई देते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम संयोजक एवं नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता के नियम बताए, जिसके बाद प्रतिभागियों ने क्रमवार अपने विचार रखे। अंत में निर्णायक मंडल ने पांच विद्यार्थियों का चयन कर उनके नाम अग्रिम स्तर हेतु घोषित किए। इस अवसर पर डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. राजन लाल, डॉ. नवनीत बिश्नोई, नीरज त्यागी सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने जलपान किया।

VASTU HOUSING FINANCE

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015, महाराष्ट्र, सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**2002 के प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

जबकि, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने मुख्य कार्यालय मुंबई के माध्यम से, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने वीएचएफसीएल से उनके द्वारा प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और कहा है कि नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स सुविधाएं खराब हो गई हैं, उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे, हालांकि वे बिना तामील हुए वापस आ गए हैं और इस प्रकार उन्हें इसके माध्यम से सूचित किया जाता है और उसी के बारे में सार्वजनिक सूचना है।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की तिथि एवं राशि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| बीर सिंह (आवेदक), ऊषा (सह-उधारकर्ता) सचिन कुमार (सह-उधारकर्ता)<br>एमएलपी00000261810 | 20/02/2026<br>19/02/2026 तक<br>रू. 862397/- आगे ब्याज और उस पर शुल्क के साथ | मकान का क्षेत्रफल 168.76 वर्ग गज यानी 141.11 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 319 में से, आवासीय गांव मुंडाली, परगना सरवा, तहसील एवं जिला मेरठ-250001, उत्तर में - 14 फीट रास्ता, दक्षिण में- सुभाष की सम्पत्ति, पूर्व में- मजीद की सम्पत्ति, पश्चिम में- मजीद की सम्पत्ति |
| मौ0 इरफान अली (आवेदक), शकिला (सह-उधारकर्ता), मोहब्बत (सह-उधारकर्ता)<br>एमएलपी00000255246 | 20/02/2026<br>19/02/2026 तक<br>रू. 1131843/- आगे ब्याज और उस पर शुल्क के साथ | मकान का क्षेत्रफल 253 वर्ग गज, खसरा नंबर 1004 और 1005 का हिस्सा, ग्राम बरोदा सिहानी, परगना, हापुड़, तहसील धौलाना, जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश-245101, उत्तर में- यासीन का घर, दक्षिण में- साफवत का घर, पूर्व में- 12 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में- 12 फीट चौड़ी सड़क |
| जुल्फिकार (आवेदक), साहिब (सह-उधारकर्ता), नजमा (सह-उधारकर्ता), फिरदोस (सह-उधारकर्ता)<br>एमएलपी00000259796 | 20/02/2026<br>19/02/2026 तक<br>रू. 844491/- आगे ब्याज और उस पर शुल्क के साथ | आवासीय मकान का क्षेत्रफल 120 वर्ग गज यानी 100.33 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 802 में से, गांव मुंडाली, परगना सरवा, तहसील एवं जिला मेरठ, उत्तर में- बबलू राजपूत का मकान, दक्षिण में- सलमा का मकान, पूर्व में- जाहिद का मकान, पश्चिम में- जाहिद का मकान। |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करें, अन्यथा 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे कदम उठाए जाएंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधान के अनुसार इस नोटिस की तारीख।

कृपया सूचित रहें कि उक्त नोटिस भी धारा 13(13) के तहत उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित करता है कि उक्त बंधक संपत्ति को बेचा/पट्टा/स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

**दिनांक: 01.03.2026**
**स्थान: मेरठ, हापुड़**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि0**

# एसपी व एएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, होलिका दहन को लेकर कड़े निर्देश, थाना समाधान दिवस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना समाधान दिवस के अवसर पर रामपुर के थाना गंज में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई में पहुंचे शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों ने संबंधित पुलिस कर्मियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अधिकारियों ने थाना गंज के त्यौहार संबंधी अभिलेखों का भी अवलोकन किया और आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। विशेष रूप से होलिका दहन स्थलों की जानकारी ली गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में होने वाले होलिका दहन कार्यक्रमों से लेकर होली पर्व तक सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस के आयोजन से आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और संवाद की भावना को बल मिला है।

# 9 साल के मोहम्मद ताज ने रखा रोजा खरसौल जामा मस्जिद में अदा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी** थाना क्षेत्र के गांव खरसौल में रमजान के पाक महीने में एक नन्हे रोजेदार ने सबका दिल जीत लिया। 9 साल के मोहम्मद ताज ने पूरे जज्बे, लगन और अकीदत के साथ रोजा रखकर अल्लाह का शुक्र अदा किया।मोहम्मद ताज, जनाब मोहम्मद तहजीब खान साहब के पोते और डॉक्टर कासिम खान के बेटे हैं। कम उम्र में रोजा रखने की उनकी इस पहल से परिवार में खुशी का माहौल रहा। रोजा मुकम्मल करने के बाद उन्होंने खरसौल की जामा मस्जिद में नमाज अदा की और मुल्क व कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी।शाम को उन्होंने अपने परिवार के साथ इफ्तार किया। गांव के लोगों ने मोहम्मद ताज की हौसला-अफजाई करते हुए उन्हें ढेरों दुआएं दीं और कहा कि बच्चों में दीन के प्रति बढ़ती रुचि समाज के लिए अच्छी निशानी है। नन्हे रोज.ेदार की इस नेक पहल से पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है।



# एंटी करप्शन टीम ने शाहाबाद तहसील में संग्रह अमीन को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता/ जहीर खघन**

**शाहबाद।** शिकायत पर मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम ने शाहबाद तहसील में तैनात संग्रह अमीन को रिश्वत लेते उसके सरकारी आवास से दबोच लिया। एंटी करप्शन की छापेमारी से तहसील परिसर में अफरा तफरी मच गई। एंटी करप्शन की टीम संग्रह अमीन को पकड़कर सीधे शाहबाद थाने ले आई। अमीन को गिरफ्तार कर ले जाते वक्त एंटी करप्शन की टीम और अमीन के बेटे के बीच नोंकझोंक भी देखने को मिली। शाहबाद तहसील के जाहिदपुर गांव निवासी हसम.ुद्दीन की शिकायत पर मुरादाबाद की एंटी करप्शन टीम ने निरीक्षक कृष्ण अवतार केडी नेतृत्व में शाहबाद तहसील में तैनात संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते उनके सरकारी आवास से दबोच लिया। इस दौरान संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी के होश उड़ गए। तहसील परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। एंटी करप्शन टीम आरोपी संग्रह अमीन को तहसील से गिरफ्तार कर शाहबाद थाने ले आई और आगे की कार्यवाही पूरी की। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी के दिन आरोपी संग्रह अमीन को शाहबाद थाने में ही रखेगी। रविवार को उनको जेल भेजने की तैयारी की जाएगी।

# होली से पहले मिलावटखोरी पर कड़ा प्रहार, 03 नमूने भरे; 145 किलो दूषित मिठाइयाँ नष्ट

**शाह टाइम संवाददाता**

**रामपुर।** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटखोरी पर प्रभावी रोकथाम के लिए जनपद में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 03 विधिक नमूने संग्रहित किए गए तथा कुल 145 किला.ेग्राम दूषित मिठाइयों को मौके पर नष्ट कराया गया।

केमरी-मिलक बिलासपुर रोड स्थित हसन स्वीट हाउस पर छापेमारी के दौरान छेना रसगुल्ला और गोले के पेड़े के एक-एक नमूने लिए गए। निरीक्षण में करीब 15 किला.ेग्राम दूषित मिठाई (अनुमानित कीमत घ2,040) पाई गई, जिसे तत्काल नष्ट कराया गया।

इसी क्रम में ग्राम कमौरा, तहसील मिलक में एक रसगुल्ला निर्माण एवं भंडारण प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की गई। यहां से छेना मिठाई का एक नमूना लिया गया तथा लगभग 130 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई (अनुमानित कीमत घ13,000) को नष्ट कराया गया। संग्रहित सभी 03 नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम मौजूद रही और त्योहार के मद्देनजर आगे भी सघन जांच जारी रखने की बात कही गई।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

रामपुर। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में साथ में काम करने वाला एक युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। देर शाम तक युवती जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। युवती जहां पर काम करती थी वहां पर जाकर जानकारी की तो हकीकत मालूम हुई। युवती की मां ने आरोप के खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की मिलन विहार कालोनी में रहने वाली महिला शांति का कहना है कि उसकी पुत्री प्रतिज्ञा एक मॉल में काम करती है। रोजाना वह अपनी एक दोस्त के साथ ड्यूटी करने जाती है। 26 फरवरी को रोजमर्रा की तरह बेटी अपने काम पर गई थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आई। रात नौ बजे वह मौके पर गई और बेटी के संबंध में जानकारी की तो मालूम हुआ कि साथ में काम करने वाला काशीराम कालोनी निवासी सुनील उसकी बेटी को अपने साथ ले गया है। सुनील को काफी तलाश किया लेकिन उसकी भी जानकारी नहीं हो पाई। जिस पर पीड़िता ने उसके खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# शनिवार को हुआ थाना समाधान दिवस

**शाह टाइम संवाददाता**



**शाहबाद** थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अपराध निरीक्षक जय प्रकाश ने थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की क्षेत्रीय ग्रामीण और नगरवासी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। समाधान दिवस में दो शिकायतें प्राप्त हुई प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित थे। अपराध निरीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है राजस्व से जुड़े मामलों की तत्काल जांच कर जल्द ही उनका निस्तारण किया जाए।

# शाहरुख मोबाइल हब के सौजन्य से लगा बिलड टैस्ट का लगा कैम्प लिए नमूने

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी** नगर पंचायत परिसर मे शाहरुख मोबाइल हब के सौजन्य से बिलड टैस्ट करने के लिए लिए कैम्प लगाया गया जिसमे मोबाइल उपभोगताओ का मुफ्त टैस्ट के लिए नमूने लिए गये शाहरुख मोबाइल हब द्वारा नगर पंचायत परिसर मे टीवी एस फाईनेंस द्वारा मोबाइल उपभोगताओ के लिये कैम्प का आयोजन कराया गया जिसमे पूरी बाडी का मुफ्त मे बिलड टैस्ट करने लिए प्रयोगशाला भेजा गया जिसकी रिपोर्ट एक मार्च को मोबाइल उपभोगताओ की रिपोर्ट दी जाएगी यह सेवा मोबाइल उपभोगताओ के लिए टी वी एस फाईनेंस कम्पनी द्वारा बिल्कुल मुफ्त मोबाइल उपभोगताओ को दी गई है टीवी एस फाईनेंस कम्पनी द्वारा 74 मोबाइल उपभोगताओ का ब्लड का नमूना लेकर जांच के लिए लैप भेज दिया गया है जिसकी रिपोर्ट जल्द ही दी जाएगी..

# क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सिविल लाईन पर की गयी जनसुनवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** आज क्षेत्राधिकारी, नगर द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सिविल लाईन पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही थाना सिविल लाईन के त्यौहार संबंधी अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पूर्व सांसद के समधी की प्लाईवुड फैक्ट्रियों में आयकर जांच तीसरे दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। गंज कोतवाली क्षेत्र स्थित तीन बड़ी प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर आयकर विभाग की जांच तीसरे दिन भी जारी रही। दिल्ली से आई टीम गुरुवार सुबह से लगातार सर्वे कर रही है और शनिवार को भी अधिकारी फैक्ट्रियों में मौजूद रहे।

लकड़ी कारोबारी नईम उर्फ बब्लू और उनके पार्टनर मुनन खां की एनजी प्लाईवुड एंड विनियर, एमआई इंडस्ट्रीज और एमएन इंडस्ट्रीज के नाम से बगी गांव में इकाइयां संचालित हैं। एमएन और एमआई इंडस्ट्रीज एक ही परिसर में स्थित हैं।

टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी तैनात हैं। फैक्ट्री गेट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक है। आयकर अधिकारी वित्तीय लेनदेन, कंप्यूटर डाटा, खातों और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच में जुटे हैं।

बताया जा रहा है कि कारोबारी नईम उर्फ बब्लू, मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन के समधी हैं। पूर्व सांसद की बेटी की शादी बब्लू के बेटे से हुई है।

जांच कब तक चलेगी, इस संबंध में विभाग की ओर से आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# सेल्स गर्ल्स का युवक ने किया अपहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी में रहने वाली सेल्स गर्ल्स का एक युवक अपहरण कर ले गया। पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा कि उसकी 19 साल की बेटी एक मॉल में काम करती है। आरोप है कि कल वह डयूटी पर गई थी,लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी। महिला ने आरोप लगाया कॉलोनी का सुनील उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने सुनील के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह के अनुसार मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने को लेकर वृहद किसान गोष्ठी, 1500 कुंतल प्रति हेक्टेयर लक्ष्य पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहित करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से गन्ना विकास विभाग द्वारा राणा शुगर्स लिमिटेड, करीमगंज के सहयोग से एक वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 कृषकों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का आयोजन उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह के पर्यवेक्षण तथा जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य के निर्देशन में संपन्न हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता गन्ना समिति रामपुर के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने की। अध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कृषकों से विभागीय निर्देशों का पालन करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की, जिससे उत्पादन एवं आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके। साथ ही मिल प्रशासन की ओर से किसानों को आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करने का आश्वा. सन दिया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधि, उन्नत प्रजातियों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, 1500 कुंतल प्रति हेक्टेयर उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति, रैटून प्रबंधन तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के समन्वित उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में राणा शुगर्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष अमर शर्मा, उप महाप्रबंधक सतवीर सिंह, गन्ना समिति के सचिव सहित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं मिल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चीनी मांझे की चपेट में आई प्रोफेसर व बेटी, सात टांके लगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। गंज क्षेत्र में नक्षत्रशाला के पास शनिवार शाम चीनी मांझे की चपेट में आकर राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की उर्दू प्रोफेसर डॉ. रजिया परवीन और उनकी 20 वर्षीय बेटी रक्षिंदा रईस घायल हो गईं।

गंज थाना क्षेत्र के जेल रोड निवासी डॉ. रजिया परवीन अपनी बेटी के साथ स्कूटी से घर लौट रही थीं। स्कूटी उनकी बेटी रक्षिंदा चला रही थीं। इसी दौरान अचानक सामने चीनी मांझा आकर गिर गया, जिसकी चपेट में आकर रक्षिंदा गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। बेटी को बचाने के प्रयास में डॉ. रजिया परवीन भी घायल हो गईं।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

डॉ. रजिया परवीन ने बताया कि उनकी बेटी को सात टांके लगे हैं, जबकि उनकी उंगलियां भी जख्मी हो गई हैं। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है।

घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से चीनी मांझे की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

